# आरएसएस देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव के पक्ष में

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव के पक्ष में है तथा उसका मानना है कि इस महत्वपूर्ण विषय से जुड़ी चीजें व्यवस्थित होनी चाहिए जिससे सार्वजनिक धन और देश के बहुमूल्य समय की बचत होगी। आरएसएस के एक पदाधिकारी ने इस बारे में पूछने पर कहा, ऐसे विषयों पर चीजें व्यवस्थित होनी चाहिए। वहीं, संघ से जुड़े कई सूत्रों ने कहा कि संघ का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से निर्बाध रूप से विकास कार्य करने में मदद मिलेगी जो अक्सर चुनाव के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से बाधित होती है। एक सूत्र ने बताया, अगर सभी चुनाव एक साथ कराये जाते हैं तब यह देश के लिए अच्छा होगा। इससे सार्वजनिक धन और देश के बहुमूल्य समय की बचत होगी। उन्होंने बताया कि अक्सर चुनाव होने से काफी धन खर्च होता है और इसके कारण सरकारी कर्मचारियों को चुनाव कार्य में लगाया जाता है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि वास्तव में संविधान निर्माताओं की इच्छा थी कि देश में एक साथ चुनाव कराये जाएं।

सरकार ने ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए राज्य की मंजूरी जरुरी: कमलनाथ

## मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की मंजूरी के बिना ऐसा करना संभव नहीं है

**नीमच, एजेंसी।**

केंद्र द्वारा एक साथ चुनाव कराने पर विचार करने की खबरों के बीच मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की मंजूरी के बिना ऐसा करना संभव नहीं है। केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक समिति का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी है, इससे लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की संभावना बन गई है, ताकि उन्हें मप्र सहित कई राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के साथ कराया जा सके।

एक साथ चुनाव की अवधारणा पर उनके विचार पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा कि इसके लिए संविधान संशोधन की जरूरत है, इसके अलावा, यह लोकसभा और राज्यसभा में विधेयक पारित करके नहीं किया जा सकता है, बल्कि इसे राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुमोदित करने की भी आवश्यकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे भाजपा शासित राज्य, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव के साथ लोकसभा चुनाव कराने के लिए अपनी विधानसभाओं को भंग



करने के लिए कैबिनेट द्वारा एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित कर सकते हैं, लेकिन (टीएमसी शासित) पश्चिम बंगाल के बारे में क्या, हर राज्य में ऐसा करना संभव नहीं है।

कोविंद की अध्यक्षता में पैनल के गठन और 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र की घोषणा से अटकलें तेज हो गई है कि भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराने पर विचार कर रहा है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के टिकटों के वितरण पर नाथ ने कहा कि पहली सूची जल्द ही जारी की जाएगी, लेकिन फिर भी हम जिन्हें संकेत देना चाहते थे, हमने उन्हें संकेत दे दिया है।

पिछले महीने, सत्तारूढ़ भाजपा ने मप्र चुनाव में अधिकतम सीटें जीतने की अपनी रणनीति के तहत 39 उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके प्रतिद्वंद्वी पार्टी के नेता चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक हैं, नाथ ने दावा किया कि सिंधिया के समर्थकों सहित कई भाजपा नेता उनके संपर्क में हैं हालांकि, स्थानीय संगठन की मंजूरी के बाद ही उन्हें पार्टी में प्रवेश दिया जाएगा।

कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2018 के चुनावों के बाद मप्र में सरकार बनाई थी, लेकिन 2020 में यह गिर गई जब ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके प्रति वफादार कई विधायक भाजपा में शामिल हो गए। बाद में सिंधिया को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री बनाया गया। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार है या इसका गवाह है।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने सरोर टोल प्लाजा को लेकर किया चक्का जाम

**सतीश वर्मा**

**जम्मू, मेट्रो मीडिया।** कई दिनों से जारी रोष अथवा विरोध प्रदर्शनों के बीच विगत शनिवार सफल हुए जम्मू बंद के बावजूद सरोर टोल प्लाजा का मुद्दा एक अनसुलझी पहेली बनकर रह गया लगता है। हालांकि टोल प्लाजा को हटाए जाने की आवाज पिछले कई माह से लगातार उठती आ रही है, लेकिन बल तब मिला जब युवा राजपूत सभा ने इसे आर पार के तौर पर अपने हाथों में लिया। लेकिन आंदोलन युवा राजपूत सभा के 26 नेताओं की गिरफ्तारी के बाद पहले सांबा और फिर कठुआ जेल में बंद किए जाने के कारण लोगों में चौतरफा गुस्सा व्याप्त हो गया। फिर, जम्मू चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री विगत शनिवार जम्मू बंद की काल दी गई, जिसको भारी कामयाबी



भी मिली।

- यह टोल प्लाजा बना एक अनबुझ पहेली। डोगरा फ्रंट ने की डॉक्टर जितेंद्र सिंह से मांग।

इस बंद की काल को जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जम्मू के अलावा कई राजनीतिक तथा गैर राजनीतिक संगठनों ने भी भरपूर समर्थन दिया था। लेकिन इस बंद से आल जम्मू कश्मीर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने खुद को अलग रखा। जिसे लेकर उन पर गंभीर आरोप के साथ उनकी व्यापक आलोचना भी हुई। आज उसी आल जम्मू कश्मीर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने चक्का जाम रखा। दावा किया गया कि एसोसिएशन के आवाहन पर रखे गए चक्का जाम के दौरान आज बसें, मेटाडोर, टैक्सी, ऑटो तथा ई रिक्शा नहीं चले। जिसके कारण जम्मू रेलवे स्टेशन जाने तथा आने वाले यात्रियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

एसोसिएशन के प्रधान अजीत सिंह गुवाहाटी, जम्मू रेलवे स्टेशन टैक्सी यूनियन के प्रधान देवेंद्र चौधरी तथा प्राइवेट स्पेशल टैक्सी फेडरेशन के चेयरमैन इंद्रजीत शर्मा ने इस चक्का जाम का नेतृत्व किया। बताया गया कि आज के चक्का जाम की शुरुआत जम्मू शहर के बाहरी इलाके भगवती नगर में चक्का जाम करके की गई। फिर, एक बड़े जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए चक्का जाम में शामिल सभी लोग सरोर टोल प्लाजा तक गए। प्रदर्शनकारी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

जबकि विगत शनिवार हुए जम्मू बंद के दौरान जगह-जगह हुए प्रदर्शनों में गुस्साए लोग भाजपा से लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा तक गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी कर रहे थे। काबिलेगौर है कि जिस प्रकार एक अरसे से लगातार सरोर टोल प्लाजा हटाए जाने की मांग को लेकर चले आ रहे प्रदर्शनों व आंदोलन का कोई सकारात्मक नतीजा आता दिखाई नहीं देता है उस लोगों में मायूसी और गुस्सा दोनों बढ़ रहा है।

# शिंदे ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का किया बचाव

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव का शुक्रवार को बचाव करते हुए कहा कि इससे जनता का पैसा बचेगा।

यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि विपक्ष का 'इंडिया' गठबंधन उन लोगों से बना है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति नफरत से भरे हुए हैं और एक नेता पर फैसला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, ''भारत के निर्वाचन आयोग को 2019 के आम चुनावों पर 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े।

# विपक्षी गठबंधन एकजुट होकर काम कर रहा : नीतीश

**मुंबई, एजेंसी।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' में शामिल सभी घटक दल मिलकर और एकजुट होकर काम कर रहे हैं तथा इसका फलसफा आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के रूप में सामने आएगा।

विपक्षी गठबंधन की यहां आयोजित दो दिवसीय बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि अब इसके घटक दलों के नेता देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव निर्धारित समय से पहले कराए जाने की आशंका भी जताई और कहा कि विपक्षी गठबंधन को इसके लिए मुस्तैद रहना होगा। नीतीश ने कहा, ''आज 'इंडिया' की तीसरी बैठक थी। बहुत अच्छे ढंग से बातचीत हुई है। अब नियमित रूप से जगह-जगह जाकर प्रचार-प्रसार करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''जितनी पार्टियां एकजुट होकर काम कर रही हैं, इसी का नतीजा होगा कि अभी जो केंद्र की सत्ता में हैं अब वह हारेंगे, अब वह जाएंगे। ये पक्का जान लीजिए।'' नीतीश ने कहा कि पटना से शुरु हुई बैठक के बाद यह सफर मुंबई पहुंचा है, लिहाजा वह चाहते हैं कि अब आगे का काम तेजी से हो।

## एक नजर

### एक साथ चुनाव कराने में कई व्यावहारिक चुनौतियां: कृष्णमूर्ति

**बेंगलुरु,एजेंसी।** देश के पूर्व निर्वाचन आयुक्त टी एस कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराना वांछनीय है और खर्च में कमी सहित इसके कई फायदे भी हैं, लेकिन इसे लागू करने के लिए कई व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सरकार ने ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। इस संबंध में टिप्पणी के लिए संपर्क किए जाने पर कृष्णमूर्ति ने टेलीफोन पर कहा, 'संभावना पर विचार करना, उसकी जांच करना अच्छी बात है।'

कृष्णमूर्ति के अनुसार एक साथ चुनाव कराने के फायदे और नुकसान दोनों हैं। पूर्व निर्वाचन आयुक्त कृष्णमूर्ति ने कहा, ' इसके (एक साथ चुनाव कराने के) कई फायदे हैं, इस अर्थ में कि आप चुनाव प्रचार आदि में इतना समय बर्बाद नहीं करेंगे। संभवतः चुनाव खर्च में भी कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराकर काफी धन और समय बचाना बेहतर होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि अतीत में कुछ राज्यों में संसदीय चुनावों के साथ-साथ राज्य चुनाव भी कराए गए थे और लोगों ने अलग-अलग तरीके से मतदान किया। उन्होंने कहा कि इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ कराए जाने पर भी मतदाता अलग-अलग तरीके से मतदान करते हैं।

# ओवैसी ने की संसद के विशेष सत्र में चीन एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग

**हैदराबाद, एजेंसी।**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन(एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार द्वारा बुलाए जा रहे संसद के विशेष सत्र में, चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद सहित अन्य मुद्दों पर बहस की मांग की तथा 'एक देश-एक चुनाव' पर कोई भी विधेयक लाए जाने को असंवैधानिक बताया है।

उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार चीन पर व्यापक बहस कराए। ओवैसी ने यहां बृहस्पतिवार रात संवाददाताओं से कहा, 'चीन ने हमारी 2,000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर कब्जा कर रखा है। हमने पहले ही विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग की थी। हमें उम्मीद है और हमारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग है कि विशेष सत्र में चीन पर व्यापक बहस होगी। हमने देपसांग और डेमचोक में जमीन खो दी है।'

उन्होंने दावा किया, 'हम सीमा पर 25 गश्त बिंदुओं पर गश्त नहीं लगा पा रहे हैं।' ओवैसी ने मांग की कि विशेष सत्र में, आरक्षण के मुद्दे पर भी चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग की उप श्रेणियों संबंधी रोहिणी आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर आ रही खबरों को लेकर उन्होंने दावा किया है कि यह 'असंभव' है।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार अच्छा: फडणवीस

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' के विचार की शुक्रवार को सराहना करते हुए कहा कि यह देश के हित में है।

सरकार ने ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' की संभावनाएं तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।

फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि (लोकसभा और विधानसभाओं के) एक साथ चुनाव एक अच्छी अवधारणा है। उन्होंने कहा, 'यह देश के हित में है।

# देश को महाने बनाने की प्रक्रिया से जुड़ने का अवसर है 'मेरी माटी, मेरा देश: शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 'मेरी माटी-मेरा देश' मात्र एक कार्यक्रम नहीं बल्कि ये नागरिकों के लिए अपने आपको देश के भविष्य के साथ जोड़ने तथा देश को महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनने का माध्यम है। शाह ने आज यहां 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और संस्कृति मंत्रालय के सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा,ये कार्यक्रम अपने आप को देश को



महान बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा बनाने का एक माध्यम बन सकता है और 25 सालों बाद जब यहां उपस्थित बच्चे महान भारत का नेतृत्व करेंगे, तब उनके मन में ये संतोष होगा कि हमारी पिछली पीढ़ी ने हमें एक बहुत मजबूत भारत बनाकर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एक प्रकार से संध्या की भांति है क्योंकि ये उस वक्त हो रहा है जब आज़ादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आने वाला अमृतकाल और संकल्प की सिद्धि का कालखंड 15 अगस्त, 2047 को भारत को विश्व में हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर पहुंचाएगा।

उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रतासेनानियों की कल्पना के भारत की रचना के 25 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में देश ने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन ये काफी नहीं हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने नाम से ही बहुत कुछ व्यक्त कर देता है। इस कार्यक्रम की कल्पना इस उद्देश्य के साथ की गई है कि इसके माध्यम से महान भारत की रचना में हर व्यक्ति, परिवार, नागरिक और बच्चा अपने आप को और अपनी भावना को जोड़ सके।


उन्होंने कहा कि एक से 30 सितंबर तक हर घर, वार्ड और गांव, 1 से 13 अक्टूबर तक ब्लॉक और 22 से 27 अक्टूबर तक राज्य स्तर कलशों में मिट्टी या धान इकट्ठा किये जायेंगे, फिर 28 से 30 अक्टूबर को ऐसे 7500 कलश देश की राजधानी पहुंचेंगे।

# यूपी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा चलाएगा हस्ताक्षर अभियान

**लखनऊ, मेट्रो मीडिया।**

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस संविधान बदलने की कोशिशों के खिलाफ़ दलित और मुस्लिम समुदाय के बीच 5 लाख हस्ताक्षर इकट्ठा करेगा। इसके लिए 1 सितंबर से 6 सितंबर तक 'मेरा संविधान - मेरा स्वाभीमान' अभियान चलेगा।

अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 21 अगस्त को प्रदेश भर से पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय द्वारा संविधान बदलने की मांग के साथ लिखे गए लेख पर स्वतः संज्ञान लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा गया था। अब 1 से 6 सितंबर तक भाजपा सरकार द्वारा संविधान बदलने की साजिशों की खिलाफ़



लोगों का हस्ताक्षर लिया जाएगा। पूरे प्रदेश से 5 लाख हस्ताक्षर का टार्गेट है जिसे संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी को भेजा जायेगा।

शाहनवाज़ आलम ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान के साथ ही पर्चा भी बाँटा जाएगा। जिसमें बताया गया है कि संविधान लागू होने के 4 दिन बाद ही 30 नवम्बर 1949 को आरएसएस ने अपने मुखपत्र ऑर्गनाइज़र में सबको बराबरी का दर्जा देने वाले संविधान की जगह मनुस्मृति लागू करने की मांग की थी। पर्चे में यह भी बताया गया है कि अटल बिहारी बाजपेयी सरकार ने भी संविधान बदलने की कोशिश के तहत संविधान समीक्षा आयोग बनाया था लेकिन पूर्ण बहुमत न होने के कारण पीछे हट गयी थी। पर्चे में दलितों की ज़मीन गैर दलितों द्वारा खरीदने पर लगी रोक को योगी सरकार द्वारा शहरी विकास के नाम पर खत्म कर देने की भी बात कही गयी है।

शाहनवाज़ आलम ने बताया कि इससे पहले अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा दलित आबादी में स्थित 3 हज़ार चाय की दुकानों पर संविधान चर्चा का कार्यक्रम किया गया था। वहीं 7 अगस्त से 13 अगस्त तक 'जय जवाहर - जय भीम' अभियान भी चला था। जिसमें 7 लाख से ज़्यादा दलित परिवारों तक अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे थे।

मेरा संविधान मेरा स्वाभीमान अभियान के तहत भी मस्जिदों के बाहर पर्चा बांटने, कचहरियों में दलित वकीलों से सम्पर्क करने और कांशीराम आवास कालोनियों पर ज़्यादा फोकस रहेगा।

# एक देश-एक चुनाव आज समय की जरूरत: नकवी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' आज वक्त की जरूरत है और सभी राजनीतिक दलों को इस दिशा में 'राजनीतिक पूर्वाग्रह' को छोड़कर चुनाव सुधार पर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। नकवी से शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने से न केवल बेतहाशा धन की बर्बादी रुकेगी, वहीं बार-बार चुनावी प्रक्रिया और बंदिशों से विभिन्न विकास कार्यों में जो बाधा होती है , वह भी खत्म हो सकेगी। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था से भारतीय लोकतंत्र के उत्सव चुनाव के प्रति लोगों में उत्साह बढ़ेगा।

उन्होंने मुंबई में विपक्षी गठबंधन की बैठक पर पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, 'फील्ड के फिसड्डी', 'फिक्सिंग की कबड्डी' में लगे हुए हैं। जब फील्ड स्लिपरी हो तो फिक्सिंग भी फेल हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब भी देश के विकास और गौरव में उछाल आता है, तो 'डिफाल्टर डायनेस्टी' में भूचाल आ जाता है और ये लोग देश की धाक-धमक को धूमिल करने की धूर्ततापूर्ण धुन में लग जाते हैं। मोदी के 'काम की गिनती' ने 'कुनबे का गणित' बिगाड़ दिया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | मौजूदा वाशिंग लाइन नंबर के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। दिल्ली मुख्य स्टेशन पर 18, 19, 20 और 21। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,17,47,092.68/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,08,700/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 08.09.2023 (10.30 बजे) से 22.09.2023 (15.00 बजे तक ) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 22.09.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (20427103) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 24A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 31.08.2023 2712/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सांसद प्रतापगढ़ी को दिया तेलंगाना अध्यक्ष अज़हर ने प्रचार का न्योता

मुलाकात

## क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने की इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।**

तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में मोहम्मद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को खास तौर पर इस बात के लिए बहुत बधाई दी की जब से वो कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन बने हैं तब से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग हर मोर्चे पर कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा नजर आया है और अल्पसंख्यक विभाग का संगठन भी सारे देश में पहले से कई



गुना मजबूत हुआ है। सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार मोहमद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को जल्द ही तेलंगाना आने का न्योता दिया और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी आग्रह किया और अवगत कराया कि मौजूदा बीआरएस हुकूमत में आम आदमी झुलस रहा है और आम जनता में इस सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराजगी है।

सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार मोहमद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को जल्द ही तेलंगाना आने का न्योता दिया और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी आग्रह किया और कहा कि आपके विधानसभा चुनाव में प्रचार करने से कांग्रेस पार्टी की हर स्तर पर मजबूती होगी इस बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाएगी। पूर्व सांसद मोहमद अजहरुद्दीन ने कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी से बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा बीआरएस हुकूमत में आम आदमी झुलस रहा है और आम जनता में इस सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराजगी है और जिस तरह से कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में जीत का परचम लहराया है उसी तरह तेलंगाना में भी कांग्रेस की बंपर जीत के साथ सरकार बनेगी।

# शिवसेना (यूबीटी) के पूर्व पार्षद ने की आत्महत्या

**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता और पूर्व पार्षद सुधीर सयाजी मोरे ने मुंबई में घाटकोपर स्टेशन के पास चलती ट्रेन के सामने कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता सुधीर सयाजी मोरे (62) का शव शुक्रवार तड़के उपनगरीय मुंबई के घाटकोपर स्टेशन के पास पटरी पर पाया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मोरे के आत्महत्या करने के पीछे के सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है।


**Morning Glory Leasing & Finance Limited**

**CIN: L67120DL1984PLC018872**

**Regd. Off: Iris House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046**

**Tel. No.: +91 11 47119100, Email:morninggloryleasing@gmail.com,**

**Website: www.morninggloryleasing.in**

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the 39th Annual General Meeting ("AGM") of the members of Morning Glory Leasing and Finance Limited will be held on Friday, the 29th day of September, 2023 at 11:00 A.M. at its registered office at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi - 110046.

Notice is further given that pursuant to the provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Companies Act, 2013 read with Rules made thereunder, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Saturday, 23rd September, 2023 to Friday, 29th September, 2023 (both days inclusive) for the purpose of ascertaining the shareholders attending the AGM.

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on 23rd September, 2023 (i.e. Cut-off date) may cast their vote electronically on the Businesses as set out in the Notice of the 39th AGM through Remote E-voting services provided by National Securities Depository Ltd ('NSDL'). All the members are informed that:

a) Notice of 39th AGM along with Annual Report for the FY 2022-23 has been sent to all the members in Physical form on their registered address through permissible mode.
b) The remote e-voting shall commence on 26th September, 2023 (09.00 a.m. IST) and end on 28th September, 2023 (05.00 p.m. IST). The remote e-voting shall not be allowed beyond 28th September, 2023 (05.00 p.m. IST).
c) Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date i.e. 23rd September, 2023, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in or bssdelhi@bigshareonline.com.
d) The facility for voting through Ballot Paper/Polling Paper shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through Ballot paper/Polling Paper.
e) A member may participate in the AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the AGM.
f) A person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through Ballot paper/Polling Paper.
g) The Notice of 39th AGM is available on the Company's website www.morninggloryleasing.in and also on the NSDL's website www.evoting.nsdl.com.
h) In case of any queries members may contact the undersigned at +91 11 47119100 and may also write to the undersigned at morninggloryleasing@gmail.com or at the Registered office address at IRIS House, 16, Business Centre, Nangal Raya, New Delhi- 110046.

**For Morning Glory Leasing & Finance Limited**
**Sd/-**
**Raman Kumar**
**Company Secretary cum Compliance Officer**

**Date: 02.09.2023**
**Place: New Delhi**